# कलेक्टर ने किया अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण

## नागरिकों से बाढ़ की स्थिति पर चर्चा, अतिवर्षा होने पर सावधानी व सुरक्षा बरतने की अपील

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में हुई अतिवर्षा तथा बाढ़ की स्थिति से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में नागरिकों की सुरक्षा हेतु कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया।

इस दौरान जिले के पुल- पुलियो, क्षतिग्रस्त मार्गों, नदियों के घाटों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन न करें, अत्याधिक आवश्यकता होने पर ही घर से बाहर निकलें। बाढ़ व पुल के ऊपर पानी होने की स्थिति में नदी- नाले पार न करें। किसी भी प्रकार की घटना- दुर्घटना होने पर या बाढ़ व पुल- पुलियां प्रभावित होने पर तत्काल इसकी सूचना दें। उन्होंने मैदानी अमले को नियमित रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं नदी- नालों के जल स्तर पर निगरानी रखने के निर्देश दिये। बाढ़ की स्थिति के संबंध में नागरिकों को अवगत कराने को कहा, जिससे जन- माल की सुरक्षा बनी रहे।



उन्होंने मैदानी अमले को जिले में हो रही अतिवर्षा व बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिये। किसी भी प्रकार की घटना होने पर इसकी सूचना तत्काल देने को कहा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सोमवार को जिले के धमना रोड स्थित शेढ़ नदी पुल, बंदेसुर रोड सुखचैन नदी पुल, इमलिया रोड स्थित जैथारी- इमलिया में शक्कर नदी पुल, गाडरवारा- तेंदूखेड़ा रोड स्थित नर्मदा नदी के ककराघाट, नर्मदा नदी के बरमान घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ दलीप कुमार, एसडीएम, तहसीलदार तथा विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# सींगरी नदी में बह गया युवक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर नगर से निकलने वाली सींगरी नदी में मंगलवार की दोपहर को एक युवक बह गया। देर शाम तक इसकी तलाश की जा रही थी। जानकारी अनुसार किसानी वार्ड निवासी युवक जाकिर खान उर्फ भाजा गणेश मंदिर से कचहरी मार्ग को जोड़ने वाले पुल को पार कर रहा था पुल से करीब तीन फीट ऊपर पानी बह रहा था जब वह निकलने लगा तो कई लोगों ने रोका, किंतु किसी की न सुनते हुए पुल पर चला गया और कुछ देर में वह तेज बहाव में बह गया।



सूचना मिलने पर पुलिस और होमगार्ड के जवान आए उसे ढूंढने का प्रयास किया गया। किंतु तेज शाम तक वह नहीं मिल सका।

# जनसुनवाई में आये 49 आवेदन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 49 आवेदन पत्रों की सुनवाई की। उन्होंने जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों के आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया।

जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उसके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई है, विभागीय अधिकारियों को उक्त आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण कर आवेदक को अवगत कराना होगा।

इस दौरान जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर शीतला पटले ने इस दौरान जिले में बाढ़ की स्थिति, सड़क एवं पुल- पुलियो की स्थिति और स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, अस्पताल तथा शासकीय भवनों की स्थिति के संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि पानी भराव वाले क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाये, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना संभावना न रहे। प्रभावित लोगों को राहत व सुरक्षा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी मैदानी अमले के साथ बाढ़ व अतिवर्षा की स्थिति पर लगातार निगरानी रखें।

## सार-समाचार

### भारी बारिश की संभावना को देखते हुए स्कूलों में आज अवकाश घोषित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी, जोखिम एवं विद्यार्थियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए 8 एवं 9 जुलाई को जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई, नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया है। अवकाश के कारण बाधित शैक्षणिक पाठ्यक्रम की पूर्ति एवं अन्य कार्य दिवसों में अतिरिक्त कालखंड लगाकर की जावेगी। उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले 48 घंटे से लगातार अतिवृष्टि जारी है तथा मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। बरगी बांध के गेट खुलने की वजह से विभिन्न नदियों के तटीय क्षेत्रों के साथ- साथ पुल- पुलियों पर जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसी मद्देनजर कलेक्टर द्वारा यह आदेश जारी किया है।

### कमलेश बने प्रजापति समाज के सरपंच



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती को लेकर प्रजापति समाज की बैठक श्री शंकर मंदिर में संपन्न हुई। इस बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा करते हुए कमलेश प्रजापति को प्रजापति समाज का सर्वसम्मति से सरपंच नियुक्त किया गया। । साथ ही 18 जुलाई को दोपहर 1बजे से महाराजा दक्ष महाराज की जयंती बड़े पुल के समीप शंकर मंदिर में मनाई जावेगी बैठक में मेधावी छात्रों का सम्मान 60 साल से ऊपर वरिष्ठों का सम्मान भंडारा प्रसादी जैसे कार्यक्रमों पर सहमति सभी ने दी।

# इंस्पायर अवार्ड योजना के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मिलेगी पहचान

## कलेक्टर ने इंस्पायर अवार्ड योजना- 2025 कार्यक्रम को किया संबोधित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड योजना के माध्यम से छात्र- छात्राओं को विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इससे छात्र- छात्राओं को अपने नवीन विचारों/ तकनीकी को प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है और वे विज्ञान के प्रति आकर्षित होकर नवीन विचारों को प्रदर्शित करते हैं।

कलेक्टर श्रीमती पटले सोमवार को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एमएलबी नरसिंहपुर में आयोजित इस्पांयर अवार्ड- 2025 जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, सहित जिला स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी, शिक्षक- शिक्षिकायें एवं छात्र- छात्रायें उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे और जिला पंचायत सीईओ जिला दलीप कुमार का कार्यक्रम में पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।





उन्होंने इस अवसर पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पश्चात छात्र- छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किये गये विज्ञान एवं नये प्रयोगों के मॉडलों का अवलोकन किया गया। उन्होंने इस अवसर पर छात्र- छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किये गये विज्ञान के मॉडलों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड योजना के माध्यम से छात्र- छात्राओं की प्रतिभाओं को प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है, जिसमें छात्र- छात्रायें अपने- अपने मॉडलों को प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी छात्र- छात्राओं को देश व समाज की सेवा के लिए आगे आना चाहिये। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड योजना छात्र- छात्राओं की विज्ञान प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। भारत देश विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है।

हमारे देश में सभी छात्र- छात्राओं को देश व समाज की सेवा के लिए आगे आना चाहिये। पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल इंस्पायर अवार्ड- 2025 में पहुंचे छात्र- छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी। इंस्पायर अवार्ड योजना- 2025 कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे और जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार ने भी संबोधित किया।

# प्रांतीय पदाधिकारियों का सम्मान समारोह एवं क्षेत्रीय समिति का गठन



**गाडरवारा देशबन्धु।** विगत दिवस मेहर गढ़वाल समाज कल्याण परिषद के नवनिर्वाचित प्रांतीय पदाधिकारियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन दादा धुनी वालों की नगरी साइखेड़ा में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथियों के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष जीपी मेहरा, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेश हनोतिया, प्रांतीय महासचिव अशर्फीलाल बामलिया, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद हाथिया, प्रांतीय संयुक्त सचिव विष्णु प्रसाद मेहरा, समाज के वरिष्ठ रेवा सिंह मेहरा, जिलाध्यक्ष रविन्द्र गढ़वाल, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इंजी मुकेश मेहरा, पत्रकार राजेंद्र मेहरा, कमल गढ़वाल एवं युवा कार्यकर्ता राजेंद्र मेहरा थे द्य कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं बाबा अंबेडकर के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया ।

तत्पश्चात समाज की नन्ही बालिकाओं मानसी मेहरा एवं भूमि मेहरा मिड़वानी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया द्य स्वागत समारोह की श्रृंखला में समाज के वरिष्ठ संतोष जी ग्वारिया द्वारा मुख्य अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत एवं शाल श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया।

शिवकुमार मेहरा द्वारा समाज का प्रतिवेदन एवं सामाजिक क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया द्य इस दौरान प्रांतीय महासचिव अशर्फीलाल बामलिया ने समाज की गाइडलाइन के अनुसार क्षेत्रीय समिति साइखेड़ा के चुनाव संपन्न कराये जिसमें सर्वसम्मति से बलवान मेहरा संरक्षक, गोविंद गढ़वाल अध्यक्ष, गणेश प्रसाद मेहरा, तुलसीराम मेहरा, रणवीर मेहरा एवं विष्णु प्रसाद मेहरा उपाध्यक्ष, दामोदर मेहरा कोषाध्यक्ष, जगदीश मेहरा सचिव, प्रेम नारायण मेहरा संयुक्त सचिव चुने गये द्य सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रांतीय अध्यक्ष जीपी मेहरा द्वारा शपथ दिलाई गई।

# मूसलाधार बारिश से क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात, नर्मदा नदी पर बने ककरा तथा झिकोली पुल डूबे

**गाडरवारा देशबन्धु।** लगातार हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्रों से तहसील मुख्यालय का संपर्क कई ग्रामों से टूट गया हैं, नर्मदा नदी, शक्कर नदी, दूधी नदी, सीता रेवा नदीउफान पर है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण साधारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसके साथ ही लोगों के हालात बद्तर होते जा रहे है। विशेष रूप से शहर सहित आसपास के गांवों में जलप्रलय की स्थिति बनी हुई है। यहां कई नदियों में उफान आने से गांवों में पानी भर गया है, जिससे कई कच्चे-पक्के मकान ध्वस्त होने की संभावना बनी है। कई बस्तियां पानी से घिरी हुई है। जिससे उनका घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है।



**रेलवे के अंडर ब्रिज में भरा पानी** - गाडरवारा चीचली मार्ग पर स्थित रेलवे की अंडर ब्रिज में पानी भरने से यातायात पारित हो गया जैसे रेलवे द्वारा निकाले जाने का प्रयास किया जा रहा है।

**अनेक मार्ग बाधित** - गत दिनों से चल रहे बारिश के दौर के चलते नर्मदा नदी में बाढ़ आने से गाडरवारा तेंदूखेड़ा मार्ग पर ककरा पुल तथा गाडरवारा पिपरिया मार्ग पर झिकोली पुल डूबने से इन नगरों का संपर्क टूट गया है। इसके अलावा कई गांवों में संपर्क टूट जाने के कारण बाढ़ के हालात बन गए है। मंगलवार की शाम तक नर्मदा नदी पर स्थित ककरा घाट तथा झिंकोली पुल पर भी तीन से चार फीट तक पानी बह रहा है।

जिससे वाहनों का आवागमन मुश्किल हो रहा है। साथ ही सड़क पर हुए गहरे गड्ढ़ों के कारण हादसे की आशंका बनी हुई है। सड़क से बह रहा पानी आसपास क्षेत्र के गांवों में घुसने से यहां हालात खराब हो रहे है।

## जिले में अब तक 462.4 मिमी अर्थात 18.20 इंच वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले में एक जून से 8 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 462.4 मिमी अर्थात 18.20 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 8 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 116.2 मिमी अर्थात 4.57 इंच वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 154 मिमी, गाडरवारा में 188 मिमी, गोटेगांव में 61 मिमी, करेली में 105 मिमी और तेंदूखेड़ा में 73 मिमी वर्षा आंकी गई है। 8 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 498 मिमी, गाडरवारा में 533, गोटेगांव में 387 मिमी, करेली में 471 मिमी और तेंदूखेड़ा में 423 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 162 मिमी अर्थात 6.38 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 126 मिमी, गाडरवारा में 195 मिमी, गोटेगांव में 221 मिमी, करेली में 94 और तेन्दूखेड़ा में 174 मिमी वर्षा हुई थी।

# बारिश का पानी घरों में घुसा, रहवासी परेशान

**करकबेल, देशबन्धु।** विगत 8 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को सुबह से हो रही लगातार भारी बारिश के कारण और ग्राम पंचायत बौछार के कुछ एक नागरिकों की सरपंच की मनमानी के चलते आज बारिश का पानी आफ़त बनकर घंटों तक दीपक सोनी करकबेल निवासी के निवास स्थान पर जमा हो गया । क्योंकि इनके निवास स्थान के कुछ ही दूरी से ग्राम पंचायत बौछार का एरिया क्षेत्र प्रारंभ हो जाता है ।

इस ग्राम बौछार में जो टूटी फूटी नाली हैं इन नालियों में असरदार नागरिकों ने पक्का कब्जा कर रखा है और पक्का कब्जा करके इस नाली को अपने कब्जे में भी ले रखा है इन असरदार नागरिकों से किसी भी जनप्रतिनिधियों की हिम्मत नहीं होती कि इनका यह अतिक्रमण रूपी पक्का कब्जा निर्माण हटाया जाये ।

इसी तरह के ढेरों पक्के निर्माण इस ग्राम पंचायत बौछार में निर्माणाधीन है और जो पक्के निर्माण है इन्हीं पक्के निर्माणों से होकर नाली का रास्ता बरसों पुराना है जो किसी से छुपा नहीं है ।

खैर गड़े मुर्दे उखाड़ कर क्या करना ,

इस खबर का तो उद्देश्य जन सामान्य की आवश्यकताओं जरूरतों, परेशानी को शासन प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों को रू-ब-रू कराना है न कि बहस बाजी हो,



## मामला ग्राम पंचायत बौछार का

सोनी जी और उनके परिवार ने अपनी आप बीती बताते हुए कहा कि यह बरसाती पानी हेतु जो नालियां बनी है उन नालियों के मुंह बंद करके पक्के निर्माण कर रखें है कुछ एक असरदार राजनीति पहुंच रखने वालों नागरिकों की पहुंच पंच सरपंच जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित विधायक और सासंद के अलावा प्रदेश के मुखिया से राजनीतिक संबंध होने का कारण इन सरकारी जगहों पर अपना पक्का कब्जा करके इस नाली का मुंह बंद करके रखा हुआ है क्यों ?

बरसाती पानी की निकासी में ग्राम पंचायत बौछार बहुत बड़ा रोड़ा बनी हुई है । शासन प्रशासन से और उच्च अधिकारियों से निवेदन है कि बरसाती पानी की निकासी के लिए कोई ठोस कार्रवाई करके इन मुंह बंद नालियों के मुंह खोलें जावे जी ऐसी मेरी और ग्राम पंचायत करकबेल की शिकायत और मांग भी है । उचित और सुव्यवस्थित कार्यावाही करें ।

सिद्धांत किराना दुकान में भी पानी भरा जिससे भारी नुक़सान हुआ,उमेश इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में भी पानी भरा ,के के सेन मकान के दरवाजे से भी पानी की निकासी हुई । मेन बाजार में राकेश पाटकर अभिनंदन सोनी,सबदर अली,खांजाची मेडिकल, नंदू नेमा मिठाई वाली पप्पू जैन , कैलाश पाटकर, की दुकानों में पानी भरा है।

हमने बौछार सरपंच से भी संपर्क किया उनका कहना है एक तो नाली के ऊपर जिन्होंने स्थाई रूप से लेंटर डालकर ढक ली है वहां पर सफाई करना मुश्किल कार्य हो गया है फिर भी उनका प्रयास है कर्मचारियों से बात चल रही है नाली सफाई के लिए दूसरा सड़क के लेवल से यदि मकान का लेवल नीचे है और अतिवृष्टि होती है तो पानी का रास्ता कम पड़ जाता है ।

तीसरा निवास कर रहे सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि अपने घरों के सामने नाली में कचरा जमा न होने दें सभी के तालमेल से ही इस समस्या का निदान संभव है इस परेशानी में हमारी संवेदना आपके साथ है।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने किया पौधरोपण

**करेली, देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक बहिष्कार और ग्राहक अधिकारों पर दी गई जागरूकता अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, द्वारा सोमवार को एक विशेष वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन युवा मोर्चा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ जैन के निवास पर किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जबलपुर के संगठन मंत्री बृजेश जैन ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक की रोकथाम, तथा ग्राहक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।



卐हमारे संगठन का उद्देश्य सिर्फ उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण जैसे जरूरी विषयों पर भी समाज को जागरूक करना है।

वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में हमारे द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस आयोजन में प्रमुख रूप से सौरभ जैन, अंकेश अग्रवाल, प्रखर दुबे, सतीश दुबे, मनोज साहू, पूरनलाल, मनीष ठाकुर की उपस्थिति रही ।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए